MOTION RE JOINT COMMITTEE TO CONSIDER QUESTION OF FURTHER AMENITIES AND FACILITIES TO MEMBERS OF PARLIAMENT

MR. CHAIRMAN: Further discussion on the motion moved toy Dr. Ram Subhag Singh. Mr. Rajnarain.

SHRI OM MEHTA (Jammu and Kashmir): Sir, he has already spoken for 20 minutes.

MR. CHAIRMAN: I was told that he has to finish. You will please finish in five minutes.

[THE VICE CHAIRMAN SHRI M. P. BHARGAVA (IN THE CHAIR)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): Yes, Mr. Rajnarain.

श्री राजनारायण (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, कल जब इस पर चर्चा हो रही थी और मैं अपने विद्वान मित्र श्री भूपेश गुप्त के लम्बे भाषण को सुन चुका था तो आवश्यकता नहीं थी कि इस पर ज्यादा और समय लिया जाय ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : सही बात है ।

श्री राजनारायण : मगर मैं यह देख रहा था कि श्री भूपेश गुप्त जी ने भी कुछ ऐसे सुझाव दिये जिन सुझावों से अपना टकराव होता है क्योंकि हम किसी भी प्रश्न को हल करना चाहते हैं तो हमें उसकी बुनियाद पर जाना पड़ेगा । हमारा मूल प्रश्न क्या है । इस समय हमारे लिये मूल प्रश्न है कि संसद के सम्मानित सदस्यों को आज जितनी सहूलियत और सुविधायें मिल रही हैं उससे ज्यादा उनको मिलनी चाहिये और उससे ज्यादा सहूलियत, सुविधा, भत्ता वगैरह पाने के लिये एक कमेटी बन रही है जो कमेटी इस पर विचार करेगी कि इनको कितना दिया जाना चाहिये । आज मैं इस मनोवृत्ति पर कुठाराघात करना चाहता हूं जिस मनोवृत्ति से प्रभावित हो कर के ऐसा सुझाव लोगों ने दिया और कुछ लोगों के मन में यह भावना आई कि अब संसद के सदस्यों को अपनी सहूलियत और अपनी सुविधा के लिये ज्यादा लेना चाहिये । अगर भाई राम सुभग सिंह जी, जिनकी मैं इज्जत करता हूं, लोकसभा की यह कमेटी बनाते और राज्य सभा के सदस्यों को उसमें जाने के लिये कहते कि आज सरकारी कामों में लगे हुए छोटे कर्मचारी और बड़े से बड़े अफसर की सहूलियत, तनख्वाह, भत्ते आदि में कितने का फर्क होना चाहिये उस पर विचार करें, यदि उस पर विचार करने का समय हो, तो मैं उसमें बैठने के लिये तैयार हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : राजनारायण जी, एक बात मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि यह मोशन इसलिये है कि यह विषय कमेटी के पास भेजा जाय या नहीं, तो अगर कमेटी के पास भेजने के खिलाफ हैं तो बोलिये, मेरिट्स पर इस समय डिसकशन करना ठीक नहीं होगा ।

श्री राजनारायण : मैं तो समझता था कि इस चेयर पर बैठ कर के आप इतने सुशोभित और इतने जानकार हो जाते हैं कि हमारे कहने के पहले ही आप समझ लेते है कि हम इसके विरोधी हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : तो ऐसा कहिये कि विरोध करता हूं । मेरिट्स में क्यों जा रहे हैं ।

श्री राजनारायण : हमारा सीधा वाक्य यही है कि अगर कमेटी ऐसी बने कि चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, द्वितीय श्रेणी के कर्मचारी, तृतीय श्रेणी क कर्मचारी और प्रथम श्रेणी के कर्मचारी की तनख्वाहें और भत्ते आदि में कितने का अनुपात होना चाहिये, 1 और 3 का हो, 1 और 4 का हो, 1 और 10 का हो,

क्या हो, तो हम उसके लिये बैठने को तैयार हैं मगर संसद के सदस्यों को जो पहले ही से काफी सुविधा मिली हुई है उस सुविधा को और बढ़ाने के लिये ऐसे समय में सोचना जब कि हमारी औसत आय गिरती जाती हो, इसको मैं अपराध मानता हूं, मैं इसको पाप मानता हूं, इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि आज संसद सदस्यों को इस पर बैठ कर के एक मिनिट बर्बाद करने की कोई आवश्यकता और जरूरत नहीं है। कोई जरूरत नहीं कि वह इस पर समय बर्बाद करें और कमेटी में बैठें और इस पर सोचें और विचार विचारें।

हां, एक दिन आ सकता है जब कि हमारी हालत खुशहाल हो। हमारी हालात का मतलब क्या ? आज हमारे देश में 51 करोड़ की आबादी है। 51 करोड़ की आबादी में श्रीमन्, 30 करोड़ जनता ऐसी है जिसकी औसत आमदनी 3 आना प्रति दिन फी आदमी है और इसी देश में ऐसे भी लोग कुछ हैं जिनकी रोजाना 3 लाख रु० पारिवारिक औसत आमदनी है, जैसा कि कल मैं ने बताया उत्तर प्रदेश के मामले पर इसकी चर्चा होती तो उत्तर प्रदेश में, वहां से श्रीमन् आप भी आते हो, एक चौकीदार आज भी 5 रु० महीने पाता है और उसी उत्तर प्रदेश के आई० जी० के ऊपर 5000 रु० खर्चा हो रहा है, यानी हजार गुने का फर्क, वहां 5 रु० चौकीदार पाता है और कहां 5,000 रु० कुल मिलाकर आई०जी० पाता है। क्या आज हमारे मित्र श्री राम सुभग सिंह जो समाजवादी होने का दावा करते हैं, आज कांग्रेस के अंदर एक समाजवादी पक्ष अलग करने पर प्रयत्नशील रहते हैं। मैं पूछना चाहता हूं किस दिमाग की कैफियत का फल है, नतीजा है जो इस प्रकार के विधेयक पर यहां चर्चा करने की जरूरत महसूस हुई ? हमने कल आंकड़े दिये कि पूंजीपति देश जिनकी हम अक्सर निंदा करते हैं वहां क्या स्थिति है। आज सबसे धनी मुल्क कुवैत है। कुवैत में आज की आदमी की आमदनी 18,000 रु० सालाना है, अमरीका में 22,000 रु० सालाना है। इसी सदन में चर्चा हुई कि अमरीकी राष्ट्रपति पर आज जहां दस हजार, बारह हजार रोजाना का खर्च पड़ रहा है वहां भारत के प्रधान मंत्री के ऊपर सारा खर्चा जोड़ा जाय तो करीब 20,000 रुपये का आज रोजाना खर्चा हो रहा है। तो आज भारतवर्ष आ किधर रहा है। जो ट्रेजरी बेन्च के लोग वहां पर बैठे हुए हैं मैं उनसे निहायत अदब के साथ पूछना चाहता हूं: उनका समाजवाद कहां है, उनका समाजवाद समता में है या उनका समाजवाद विषमता को बढ़ाने में है। आज जिस मनोवृत्ति ने, जिस दिमाग ने ऐसे विधेयक पर इस सदन के समय को खर्च करवाया है, मैं सफाई से कहना चाहूंगा, वह दिमाग किसी नरककुंड के गंदे कीड़े के द्वारा चलाया गया है, चलती बन गया है, जिससे कोई अच्छी बात संभव नहीं हो सकती है। मैं अपने मित्र...

संसदीय-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : आपकी पार्टी के सदस्यों ने भी तो माना है।

SHRI AKBAR ALI KHAN (Andhra Pradesh): It is the unanimous Resolution of the Lok Sabha including the Members of your respected party.

श्री राजनारायण : मैं इस समय राज्य सभा का सदस्य हूं, राज्य सभा की चर्चा में मैं बोल रहा हूं। हम कोई प्रकाश इस समय लोक सभा से लेने वाले नहीं हैं। वह प्रकाश हमारे अंदर से आ रहा है। यह हमारे मित्र अकबर अली खां साहब ऐसा तर्क पेश करेंगे, इसको जानते हुए मैंने कल इसी सदन में इस बात को कह दिया था कि उत्तर प्रदेश में 1964 में जब वहां की विधान सभा के सदस्यों की तनख्वाह और महंगाई इयोढ़ा की गई तब मैंने पल पन्द्रह दिन की भूख हड़ताल की। इसी लोक सभा में रघुनाथ सिंह का प्रस्ताव आया, जब मैं अनशन कर रहा था, तो सैकड़ों लोग हमारे पास आए और कहने

[श्री राजनारायण]

लगे उसी वाराणसी से आप भी आते हो उसी वाराणसी से रघुनाथ सिंह आते हैं वह पार्लियामेन्ट में प्रस्ताव पेश किये हुए हैं कि संसद सदस्यों की तनख्वाह 400 से 500 और भत्ता 21 से 31 हो जाय तो हमने उनको जवाब दिया था कि यह एक ही जल है, उसी जल से जोंक भी पैदा होती है उसी जल से जलज, कमल, भी पैदा होता है . . .

एक माननीय सदस्य : तो आप कमल हैं?

श्री राजनारायण : हां हम कमल हैं, श्री रघुनाथ जी जोंक हैं। कमल का फूल कभी कभी समय के मुताबिक घटता बढ़ता है। मुझे दुख है और मैं चाहूंगा भाई राम सुभग सिंह सरीखे लोग जिनके प्रति हमको कुछ आस्था है और मैं समझता हूं वह कांग्रेस के रहते हुए कभी कभी अधूरे रूप में. . .

श्री निरंजन वर्मा (मध्य प्रदेश) : अपने मित्र श्री राजनारायण से मैं एक बात कहना चाहता हूं। वह बहुत अब तक समाजवाद की बात कर रहे हैं। उन्होंने यह बताया कि पन्द्रह दिन की भूख हड़ताल की, जो बिल आया उसका विरोध भी किया, तो क्या वह पुराने बिल के अनुसार ही अपना वेतन भत्ता ले रहे हैं या नये बिल के अनुसार सुधरे हुए हिसाब से ले रहे हैं ?

श्री राजनारायण : श्री निरंजन जी वर्मा को मैं बताना चाहता हूं कि यदि इसके लिये कोई स्टडी सर्किल पर बैठते तो ज्यादा अच्छा होता क्योंकि यह युटोपिया है। हम स्वप्नवादी समाजवाद नहीं है, हम वैज्ञानिक समाजवाद हैं, हम तार्किक समाजवाद हैं, हम समय की गति से, दूरी की गति से, वस्तुस्थिति की गति से प्रभावित होते हैं और उसको प्रभावित करते हैं। हमारे पास माइन्ड है, हम सचेत हैं, हम कोई ब्लाइंड फोर्स नहीं हैं, अंधी शक्ति नहीं है जिसको. . .

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : समय के लिये भी सचेत हो जाइये।

श्री राजनारायण : मैं यह कहना चाहता हूं कि आप आज भी कोई कमेटी बना दीजिए अपने बहुमत के अदर लेकिन उस कमेटी में हम अपने दल की तरह से विचार रखना चाहेंगे क्योंकि हमारे दल के नेता गोडे मुराहरि हैं जो यह बतायेंगे कि हमारा क्या रवैया है। यह वह खुद जायेंगे या किसी को भेजेंगे। अगर हम कोशिश करेंगे कि अगर हमारे दल का भी कोई जाय तो जो बात हम यहां कह रहे हैं उसी बात को और दृढ़ता के साथ कमेटी में जाकर कहें।

उत्तर प्रदेश में जब जमींदारी खत्म होने लगी तो हमने पहले सपोर्ट किया। उन्होंने कहा नीचे का मामला है, उसका भी विरोध करोगे क्या ? लगातार यह प्रश्न हुआ है, निरंजन वर्मा जी कि अगर आप समाजवादी कहते हो, दौलत को बांटना चाहते हो तो पहले अपनी दौलत की बांट आप करो।

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : राजनारायणजी आपको मालूम है समय भी बंट चुका है। तो आप अपनी पार्टी के समय के अनुसार चलें।

श्री राजनारायण : इस समय हमारी पार्टी का कोई समय है क्या ? इस समय इस सदन का समय है। इस समय पार्टी का समय नहीं है।

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : राजनारायण जी, जब तक आप अपने ऊपर कोई प्रतिबंध नहीं लगायेंगे तब तक काम नहीं चल सकता।

श्री राजनारायण : जो इस सदन में केवल मौलिक प्रश्नों पर विचार करता है, लगातार चेयर उसको टोकेगा, मैं इस नतीजे पर धीरे धीरे पहुंच रहा हूं। चाहे दूसरे लोग खड़े होकर 45 मिनट बोल लें, आधा घंटा बोल लें, उनके लिये चेयर नहीं कहेगा। मौलिक प्रश्न है, हम कहते हैं इस मौलिक प्रश्न को चेयर भी समझ ले ताकि चेयर आज जिस दल से संबंधित है, और अभी

संसद् में वह गरिमा, वह महिमा नहीं हुई है कि जो चेयर में अध्यक्ष या उपाध्यक्ष या दूसरे लोग बैठें वह दल से अपने संबंध को अलग करके बैठें । इसलिये में निवेदन करूंगा इस समय जो चेयर पर बैठे हुए हैं, भार्गवजी उनसे, कि आप भी हमारी बात को थोड़ा सुनें ध्यान से और इसको जब पार्टी के सदस्य की हैसियत से देखें तो हमारे ऊपर कृपा करके, देश के ऊपर कृपा करके, देखें । थोड़ा सा जो भूपेश गुप्त जी ने सुझाव दिया, अब मैं उसकी तरफ आ रहा हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : कुछ बत इये कितना टाइम आप लेना चाहते हैं। कहीं तो कुछ प्रतिबंध लगाना पड़ेगा ।

श्री राजनारायण : तो आप समझ लीजिए 6 पर बात आते सुई खत्म हो जायेगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : आपको पांच मिनट और दिये जायेंगे ।

श्री राजनारायण : 5 पर सुई आते बात खत्म ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : नहीं, 5 मिनट और देता हूं ।

श्री राजनारायण : तो 5 हमारा ही मान लीजिए । मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि जब तक औसत आमदनी है, जब तक जो तीस करोड़ आदमियों की आमदनी है जो आज तीन आना पा रहा है, चार आना पा रहा है, वह 8 आना तक कम से कम न आ जाये तब तक संसद के सदस्यों को विशेष सुविधा हर्गिज नहीं मिलनी चाहिये । मैं तो चाहता हूं भाई राम सुभग सिंह हमारे ऊपर अनुकम्पा करें और एक ऐसी कमेटी बनायें जिस कमेटी पर मैं बैठूं और देखूं कि आज दुनिया के किसी मुल्क में जाइये, यहां नौकरशाही जिस विलासिता के साथ, जिस ऐश व इशरत के साथ हो रही उतना किसी कोने में नहीं हो रहा है । इसलिये नौकरशाही में कमिश्नर कि कलेक्टर को, सेक्रेटरीज को, और दूसरे बड़े बड़े अधिकारियों को आज सहूलियत है उसको घटाया जाय, उस को घटा कर जो छोटे हैं, जो नीचे के कर्मचारी हैं, उनके वेतन में जोड़ा जाय, उसको बढ़ाया जाय, किसी भी स्थिति में आज एक कानून बना दिया जाय कि जब चौकीदार 5 रु० महीने में अपनी जिंदगी गुजर बसर कर सकता है तो बड़े से बड़े आई०जी० को 50 रु० महीने से ज्यादा नहीं मिलना चाहिये । जब तक आपका नुक्तेनजर नहीं बदलेगा तब तक यह देश बनने वाला नहीं है । हमारा सारा कुठाराघात इस मनोवृति की तरफ जा रहा है कि जिसको कानून बनाने का हक है वह अपने लिये सहूलियतें बनाने का कानून बना रहा है और दूसरों की उपेक्षा कर रहा है । देख क्या रहे हो, मुल्क कहां जा रहा है, ख़याल तक नहीं करोगे अभी कि नीचे वाले कहां हैं? इसलिये आज बड़े बड़े आफिसरान इस मुल्क के नीचे के लोगों का ख़याल नहीं करते, उनकी ओर देखते तक नहीं । आज उनको कोई तकलीफ नहीं है चाहे 7 रु० किलो चीनी बिके चाहे 5 रु० किलो । अगर श्री राम सुभग सिंह की धर्मपत्नी को चीनी ख़रीदने में दिक्कत होगी तो वह उनसे कहेंगी अरे भाई राम सुभगुआ तू क्या कर रहा है' हमको तो चीनी नहीं मिल रही है । आज श्री राम सुभग सिंह जी की हैसियत ऐसी है कि अगर वे चाहें तो 10 रुपया किलो भी चीनी खरीद सकते हैं और उनकी घर की गृहणी को इस बारे में कोई असर पड़ने वाला नहीं है तो जो हरिजन हैं, गरीब हैं, मेहनतकश हैं, उनके घर में जो परेशानी है उस परेशानी को श्री राम सुभग सिंह जी नहीं समझ पा रहे हैं ।

डा० राम सुभग सिंह : ये बड़े जमींदार हैं और उनकी जमींदारी हमारे जिले में है और हम उनकी प्रजा रह चुके हैं । केवल यहां पर ये समझाने के लिए इस तरह की बातें कह रहे हैं जबकि वे खुद बड़े जमींदार हैं ।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, मैं आपके

द्वारा भाई राम सुभग सिंह जी को पूरा अधिकार देता हूं कि वे हमारे घर चले जांय और मैं समझता हूं कि आजादी आने के पहले हमारी जो हैसियत थी, आज उससे घटी है या बढ़ी है, वह इस बात को अच्छी तरह से देख सकते हैं। आज हमारी हैसियत घटी है। आजादी आने के पहले भाई राम सुभग सिंह जी के जिले में जो हमको चावल और घी मिलता था, वह भी अब नहीं मिलता है । 300 एकड़ की जमीन थी, आज किस की हिम्मत है कि इतनी जमीन किसानों में बांट दे। हमारा ध्येय यह है कि जो टिलर आफ दी सायल है, उसके पास जमीन जानी चाहिये और इसीलिए हमने जमीन बांट दी है। भाई राम सुभग सिंह जी हमारे घर पर जा सकते हैं। अगर वे मिनिस्टर की हैसियत से गांव में जायेंगे तो वहां की गरीब जनता डरेगी, लेकिन अगर वे बड़े आदमियों के वहां जायेंगे तो उनकी इज्जत होगी। तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आज यह क्या हो रहा है, उसके बारे में हमें एक मिनट के लिए सोचना चाहिए। इस विधेयक में एक कमेटी बनाने के बारे में चर्चा है। मेरा ध्यान दूसरी ओर खींच लिया गया था इसलिए मैं अपने प्वाइन्ट को भूल गया था ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : दो मिनट और हैं।

श्री राजनारायण : तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि मान लीजिये हवाई जहाज की गुंजाइश बढ़ेगी तो इससे खर्च का भार बढ़ेगा। अगर स्टेनोग्राफर और टाइपिस्ट की गुंजाइश, तो उससे भी खर्चे में भार बढ़ने वाला है। इसलिए मैं चाहता हूं कि हमारे दर्द को भाई राम सुभग सिंह जी समझें और उस दर्द को समझकर इस विधेयक में संशोधन करके परिमार्जन करें। हंसें नहीं। यह हंसी की चीज नहीं है, यह रोने की चीज है। यह रोने की चीज है क्योंकि हम उस राज्य से आते हैं, उत्तर प्रदेश से, जहां पर गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, बहराइच, बस्ती, बनारस का पूर्वी इलाका है। इन जगहों पर लोगों को रोटी अच्छी तरह से खाने को नहीं मिल पाती है। यहां पर मां ने अपने बच्चे का कत्ल किया है यहां पर एक हरिजन परिवार ने अपने तीन बेटों को जहर देकर मार डाला है क्योंकि वह उनको खाने की सहूलियत नहीं दे सका था। जिस देश में मां अपने बच्चों को गिरवी रखती है, जहां पर बाप अपने बच्चों को अच्छी तरह से रोटी मयस्सर नहीं कर सकता है, जिस देश में गरीब जनता की अंतड़ियां तिलमिला जाती हैं, उस देश में वृद्धि की बात करना महा पाप है। इसलिए इस कमेटी की तरह एक ऐसी कमेटी बनाना चाहता हूं जो सारे देश को आर्थिक ढांचे पर विचार करे। जो दौलत पैदा करने वाले हैं वे 8 अगस्त 1942 का प्रस्ताव देखें जिसमें लिखा है ।

The State must necessarily belong to the producing masses—workers in field and factory.

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : राजनारायण जी, अब आप अपना स्थान ग्रहण करें ।

श्री राजनारायण : जो मजदूर और किसान-लोग खेतों में काम करते हैं, मेहनत करते हैं, क्या आज हम उनके लिए काम कर रहे हैं, क्या आज हम उनके फायदे की बात सोच रहे हैं ? इसलिए मैं भाई राम सुभग से कहना चाहता हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री महाबीर प्रसाद भार्गव) : अब आप समाप्त कीजिये।

श्री राजनारायण : इस तरह से आप बीच में बोलते रहेंगे तो हमारा समय कम नहीं होगा। जब आप इस तरह से बीच में बोलेंगे तो हमारा समय भी बढ़ जायेगा। लेनिन कहता है कि एक और एक सही तीन बटा चार में फर्क है। गांधी जी ने कहा है, 46 आर्टिकल है, कि राज्यपालों को 500 से ज्यादा रुपया नहीं लेना चाहिये। गांधी जी ने कहा है कि अगर इतना रुपया भारत के एक प्रधान मंत्री पर खर्च होता है तो अच्छा

भगवान ऐसे प्रधान मंत्री से हमारा पिंड छुड़वाये । जिस गांधी जी के नाम पर यह कांग्रेस सरकार आज यहां पर बैठी है, आज उसी के नाम पर वह इतना खर्चा, सहूलियत और सुविधा चाहती है इनडायरेक्टली । इसलिए इस विधेयक का घोर विरोधी हूं । मैं चाहता हूं कि सदन के सम्मानित सदस्य उस कमेटी में जांय और ऐसी कमेटी बनायें जिस कमेटी में बैठकर सारे आर्थिक ढांचे के बारे में विचार हो । जिनके पास जरूरत से ज्यादा पैसा है, उनका पैसा ले लिया जाय और किसी भी कीमत पर 1500 रुपया महीने से कोई ज्यादा खर्चा करने न पावे? इससे ज्यादा कोई आमदनी न करे । इस तरह की कमेटी बनाई जानी चाहिये भाई राम सुभग जी ताकि वह सारे आर्थिक ढांचे के बारे में मालूम करे । भाई धारिया भी इस कमेटी में जांय और इन सारी बातों के बारे में देखें । इसलिए इस विधेयक का घोर विरोधी हूं ।

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA (Bihar): Mr. Vice-Chairman, Sir, I have listened to the speeches of my esteemed friend, Shri Bhupesh Gupta, as well as of my esteemed friend, Shri Rajnarainji. I would like, to assure Shri Rajnarainji that I share very much what he expressed yesterday and today, and in this subject I am nearer Rajnarainji than Shri Bhupesh Gupta. Sir, I have been a Member of Parliament since 1950. The emoluments, salary and everything have undergone certain changes. We used to get Rs. 40/- a day when I was in the Provincial Parliament. Then it was changed to Rs. 400'/- per month and Rs. 21/- per day. Then it was changed to Rs. 500i/- per month and Rs. 31/- per day. Now that this Resolution is there.'Sir, I am in favour of this Resolution, but, Sir, I would like to say and emphasise to those Members who are going there—because we must give them guidelines; whenever a committee is appointed, they should read the speeches delivered in Parliament—in this connection that they shou'd kindly also read the speeches delivered here up to 2.30 P.M. and see what the Members of this Rajya Sabha have to say about this subject, and I would like to say that, whatever they decide, must be commensurate with the economic situation in the country., And we the representatives of the people, we should earn the goodwill of the people, Sir, not their ill-will. They should not ieel that we are grabbers of money. They should feel that we have come here to sacrifice.

Sir, when I was a little boy of fourteen I also joined the freedom movement. We all joined and faced the bullets of the British. It was the faith of Gandhiji or Jawaharlalji in Bharat Mata, in the future of the country. Then the country became free and we are now Members of Parliament getting Rs. 500/. per month. We had never dreamt of our position being as it is now when we were going about from one place to another in those days of freedom struggle and facing the police who were charging us with bayonets in their hands. Now we are quite safe here. We speak whatever we like and do whatever we like. Even so, Sir. we have to be very humble, we have to be very considerate. I know the difficulties of Members of Parliament; I know their difficulties because they have to maintain two houses, one here and the other at their headquarters. Whenever I happen to remain here I live in a very economical manner and I keep only one servant for as long as I live here in the Goverment flat during each session of Parliament. Recently there was theft in my house here when it was under lock and key and I was no longer here. Now, if I keep someboay here throughout the year to guard the house and my belongings therein, I shall have to pay the house rent plus the man's salary and other things. As for Patna, fortunately for me my brothers and others are there and I live there at their cost.

So, Sir, there are many difficulties for Members of Parliament. They have to maintain two households. What is true for me, a single man, a

[Shri Awadheshwar Prasad Sinha] . widower, or what is true for my I friend, Mr. Bhupesh Gupta, an unmarried gentleman, is not true for everybody. So we have to consider that also. To say that Rs. 2001- per month for a stenographer and Rs. 100 or something else for correspondence and so on, the district magistrate trying to get conveyance for us for a week at least in a month, all these appear to me fantastic demands on the exchequer of the country.. Of course, certain difficulties are there which must be looked into and certain changes are needed. We know that a Government servant gets, say, Rs. 500|/- a month. We get our salaries and allowances and recently we got a circular to say that this will not be salary but an income from other sources. Now we should keep ourselves to the level if not of the lowest paid, at least to the level, more or less, of the Government servant getting Rs. 500|/- a month. There are difficulties, as I said. We get our telephones and we do require this telephones facility in order to carry on our work as Members of Parliament and for our public work. We require them here as also at our own places. I have a telephone at Patna and today it is a white elephant for me and I have to pay for 3,600 calls. If an Under Secretary has a phone all the calls there are free. He can have any number of calls. This year, in spite of my frugal ways, I have to pay for 3.66 more calls than those 3,600 calls. These ar$_e$ the difficulties, no doubt. But about in. crements in our salary and daily allowances and so on—and this is my personal view—these should not be given. We would look very cheap before the eye of the country.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): So you agree with me.

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: About stenographers I do not agree with Mr. Bhupesh Gupta that each group should be given a stenographer. In the Rajya Sabha we know that as it is we have one Hindi typist and one English typist. There should be more typists provided for the use of the Members. There should be 5 and 10 of them and" they should not be given groupwise and they should belong to th$_e$ Rajya Sabha.

As for air travel expenses I think Shri Rajnarain has not understood Mr. Bhupesh Gupta. When we go by air, he says we should pay the difference. If I go by train I do not pay anything and so the Railways suffer a loss. If I go by air and.. .

SHRI BIREN ROY (West Bengal): The Railways do not lose. The Government pays them.

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: You are not speaking. I am.

SHRI BIREN ROY: I am not speaking.

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: Then why are you interrupting? Suppose I go by train from here to Patna. The ticket costs Rs. 90 and I just show this card and travel. But if I go by plane I show the card and pay Rs. 110|/- which is the difference and Mr. Gupta says.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA): You should certify when you go and give them that certificate. Only the showing of the card will not do.

SHRI BHUPESH GUPTA: The hon. Member has not...

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: I am supporting your point.

SHRI BHUPESH GUPTA: I am only trying to correct you and...

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: You will correct me and thus take two hours. I am not yielding.

SHRI BHUPESH GUPTA: The hon. Member does not seem to know that the Government pays the Railways against the travel that We make.

SHRI AWADHESHWAR PRASAD SINHA: I am going to say the same thing. The difficulty with my hon. friend is that he would not listen. If I go to Patna I show this card and go. But if I go by plane a certain amount is deducted. The Airline is a Govern-

ment undertaking and the Railways are also a Government undertaking and so Shri Rajnarain says the Government suffers financially. That is not the point. I am with Mr. Gupta on this matte, and I say that the old facilities should be extended and we will not stand to lose.

Over the other matters you can decide on whatever salary you may like. But I say that we should look to the 50 crores of our people who are looking at the 700 odd Members of Parliament and seeing in what way they behave when our own interests are concerned. That is the crucial issue before us. For us who are old associates or followers of Gandhiji, there is also a spiritual side to it. Gandhiji asked us to identify ourselves with the masses. Though we may not be able to do that to the fullest extent we should try to approximate to it. In view of all this my position will be somewhere in between the position taken up by Shri Bhupesh Gupta and the one taken up by Shri Rajnarain. On principle Shri Rajnarain is correct. But practical realities of life have to be faced and so we have to go some steps towards Shri Gupta's position. In between the two we should come to a decision: But the main criterion should be that we earn the goodwill of the people. Mr. Gupta has said that he has to pay Rs. 400/- to the party. But that is a personal matter. We have not come here to raise money from the exchequer for our parties through our salaries and allowances and emoluments. So that point is irrelevant. Of course I know Shri Bhupesh Gupta has made great sacrifices. He has given everything to the party. I know all that. But that is no criterion for determining what allowances and salaries Members of Parliament should get. The only criterion should be that we should identify ourselves with the masses. We are not a super class and we should earn their goodwill by our decision. If we do not earn their goodwill and if the people feel that we want some financial and other benefits which we do not deserve, then we divorce ourselves and cut ourselves adrift from the masses and from the goodwill of the people and as representatives of the people we should not do that. This is my appeal to my colleagues and also my request to the proposed Committee which is going to be appointed. They should keep this in view before they decide on any change whatsoever.

SHRI BHUPESH GUPTA: I fully agree.

SHRI AWADHESRWAR PRASAD SINHA: We always agree.

SHRI BHUPESH GUPTA; The only thing is I do not like my stenographer to be appointed by Mr. Chavan.

श्री राजनारायण : श्रीमन् मैं इस मौके पर एक संशोधन देना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : आप लिख करके भेजिये, फि हम देखेंगे कि क्या करना है ।

श्री अवधेश्वर प्रसाद सिंह : जब आप बोल चुके हैं तो संशोधन कैसे आयेगा . . .

श्री राजनारायण : श्रीमन्, हमारा यह संशोधन है कि इसमें जहां पर "केवल संसद् सदस्यों" है उसके आगे इतना बढ़ा दिया जाय . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री महावीर प्रसाद भार्गव) : आप लिख करके भेजिये, मैं देखूंगा। ओरल संशोधन नहीं हो सकता है ।

श्री नारायण राव कृष्णराव (मध्य प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अभी इस विषय पर प्रमुख भाषण हुए हैं। प्रारम्भ में जिस समय यह प्रकरण विचारार्थ सामने आया था तो इस प्रकार की भावना थी कि केवल एक ज्वाइन्ट कमेटी के लिए नाम दे दिये जायें और उसके सामने पूरा विचार करके बिल के रूप में दोनों सदनों के सामने एक प्रकरण आये और फिर उस पर पूरी तरह से विचार हो। परन्तु चूंकि माननीय अध्यक्ष महोदय ने कल भी इस विषय के लिए समय दिया और आज भी इसके लिये डेढ़ घंटे

[श्री नारायण राव कृष्णराव]

का समय निर्धारित किया गया है, इसलिये मैं भी आपके माध्यम से कुछ निवेदन करना चाहता हूं जिससे यह कमेटी उस पर विचार कर सके ।

मैं भी किसी समय इसी विचार का था कि किसी भी प्रकार का कोई भत्ता सदस्यों को लेना नहीं चाहिये और प्रारम्भिक दिनों में जब मैं एक कारपोरेशन का सदस्य था तो लगभग छः वर्ष तक औरों ने भत्ता भले ही लिया हो लेकिन मैंने भत्ता नहीं लिया। उसके उपरान्त जब एक समय वहां के महापौर के भत्ते के बारे सुझाव आया तो हमने उसका उसी प्रकार से विरोध किया जिस प्रकार से आज यहां इसका विरोध हो रहा है । इतना ही नहीं वैधानिक तरीके से हाई कोर्ट में रिट हमने दायर किया और हाई कोर्ट का हमारे पक्ष मे निर्णय हुआ। इस प्रकार से मेयर को भत्ता बढ़ाने का कोई अधिकार उस समय नहीं था । परन्तु कुछ दिनों के बाद मध्य प्रदेश शासन ने एक कानून विधान सभा में पारित कर दिया और उसमें जिन्होंने भत्ता लिया नहीं था उनको भत्ता मिलने के लिए कहा गया और जिन्होंने गलत तरीके से भत्ता लिया था उसको वापस करने के लिये कहा गया। उसके लिए हमने पत्र लिखा कि उसमें ऐसा संशोधन कर दिया जाये कि जिन सदस्यों ने जो भत्ता नहीं लिया है वह सारा भत्ता डिफेंस के लिए हम देने को तैयार हैं, मगर उसका कोई उत्तर आज तक प्राप्त नहीं हुआ । मैं अब यह अनुभव करने लगा हूं कि कोई व्यवहारिक मार्ग ढूंढ कर निकालना आवश्यक है । केवल यह कह देना कि तीन आने प्रतिदिन, चूंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति की आमदनी है उस हिसाब से व्यवस्था की जाय तो वह बड़ा कठिन सा प्रश्न होगा । मैं देखता हूं कि केवल एक समय के भोजन के लिए तीन रुपया एक व्यक्ति के लिए लगता है। दोनों समय भोजन, रहना और इस सारी व्यवस्था को देखते हुए तीन आना दिया जाय तो क्या बनेगा मेरी समझ में नहीं आता । इसी प्रकार से जो आज पार्लियामेंट में प्रेक्टिस है, भिन्न-भिन्न दलों के रूप में सब लोग काम करते हैं, उन दलों की कुछ आवश्यकताएं होती हैं—माननीय सदस्यों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अलावा—उनपर विचार करना व्यावहारिक दृष्टि से बहुत आवश्यक है । केवल तर्क के लिए तर्क दिया जाए तो उससे आपको लाभ होने वाला नहीं है ।

जहां तक भत्ते बढ़ाने का प्रश्न है, मैं समझता हूं कि इसके दो विभाग कर लिए जांय एक डेली एलाउन्स और मन्थली एलाउन्स और दूसरा फेसिलिटीज और एमेनिटीज । इन दोनों को एक दृष्टि से नहीं देखा जा सकता । जहां तक भत्ते बढ़ाने का सवाल है, पेंशन देने वाली बात है, वह बात किसी प्रकार से उचित नहीं बताई जा सकती । पेंशन वाली बात इसलिए गलत हो जायगी क्योंकि वह कुछ लोगों का वेस्टेड इन्टरेस्ट हो जायगा, वह अच्छी बात नहीं होगी । जो तनख्वाह दी जाती है—उसे उपवेतन समझिये —उसमें कोई वृद्धि करने का कारण नजर नहीं आता । मैं जानता हूं कि ऐसे-ऐसे महानुभाव यहां बैठे हैं जिनके लिए यहां की तनख्वाह उनकी मूल आमदनी का एक बटा दस हिस्सा नहीं होगा, उससे कम हो सकता है । उनके लिए तो वह विशेष प्रश्न नहीं है, परन्तु जो मिनिमम आवश्यकता है लिविंग के लिए उसको स्वीकार करना चाहिये, बाकी को स्वीकार करने की बात नहीं है । आज जो ५०० रुपया महीना और 31 रुपया भत्ता है उसको मान लेना चाहिये । यह मिनिमम से ज्यादा हो सकता है, कम नहीं हो सकता ।

जो बाकी फेसिलिटीज हैं उनके बारे में बड़ी गम्भीरता से विचार करने की बात है । उदाहरण के लिए रेलवे के बारे में सुझाव दिया गया है कि रेलवे का पास दिया जाता है, उसके बाद अगर कोई दूसरे से ट्रेवल करना चाहे, एक्सकंडीशन से ट्रेवल करना चाहे तो उसका अन्तर दे दे, इसको

सुविधा होना अत्यन्त आवश्यक है । इस संबंध में और ज्यादा दलील देने की आवश्यकता नहीं है । जैसा कि आदरणीय भूपेश जी ने बताया कि दूर स्थानों पर जाना होता है, तो इनको सहूलियत जरूर मिलनी चाहिए । सार्वजनिक कामों में हमारे माननीय सदस्य लगे हुए हैं, उनका समय ट्रेन में कम से कम व्यतीत हो, यह एक बड़ी अच्छी बात होगी ।

इसी प्रकार से जो स्टेनो की सुविधा है उसके बारे में एक सुझाव माननीय सदस्य ने रखा है कि कोई पूल बना लिया जाय । मेरा निवेदन है कि इसके दो अंग हैं । जहां तक पार्टी वर्क का संबंध है, राज्य सभा के अन्दर ही काम करते हों तो हो सकता है पूल के द्वारा अन्यथा दिल्ली जैसे शहर में राज्य सभा के सदन के पास सब लोगों को निवास स्थान मिलना सम्भव नहीं है और अधिकतर काम सदस्यों को राज्य सभा के सदन के बाहर अपने-अपने स्थानों पर करना पड़ता है । वस्तुतः रात के समय, एकान्त समय में जब अनडिस्टर्बड रहते हैं तब काम हो सकता है । इसलिए यह कहां तक प्रेक्टीकल है इस पर विचार कर लिया जाय । मैं इस बात को स्वीकर करता हूं कि इनको ज्यादा तादाद में पत्र आते हैं, टेलीग्राम रहते हैं कि उनका समय पर उत्तर देना आवश्यक है, पार्लियामेंटरी वर्क के लिए उनकी मांग किया जाना आवश्यक है, ये सारी बातें स्वीकार की जा रही हैं । मेरी समझ में यह नहीं आता कि पूल से कैसे काम हो सकता है । अगर पूल बनाया जायगा तो मेरी समझ में उससे काम नहीं होगा । इसके बारे में जो आवश्यकता समझी जाय उस हिसाब से रखा जाय, इस दृष्टि से इस पर विचार किया जाना चाहिए । डिटेल में मैं कोई निर्णय नहीं करता, एक पूल की बात थी, उसके बारे में अपना विचार आपके सामने रख दिया ।

इसी तरह से टेलीफोन और टेलीग्राम्स के बारे में कुछ सुझाव हैं, उनके बारे में भी विचार किया जाना चाहिए । पार्टी का जो काम करने वाले लोग हैं उनको अनेक महत्वपूर्ण समस्याओं के बारे में टेलीग्राम देने पड़ते हैं । पर्सनल टेलीग्राम के लिए बिलकुल मनाही कर देनी चाहिए लेकिन जो गवर्नमेंट को टेलीग्राम देने पड़ते हैं, इस प्रकार के जो कार्य हैं जिनके लिए बड़ी-बड़ी लम्बी बातें लिखनी पड़ती हैं उसके लिए कुछ कन्सेशन कर दें । कैश न दें लेकिन इस प्रकार का कन्सेशन कर दिया जाय कि जो प्रेस रिपोर्टर्स के लिए दर होती है उसी तरह के रेट्स ऐसे टेलीग्राम के लिए कर दीजिए तो मैं समझता हूं कि उतनी सुविधा भी पर्याप्त हो जायगी ।

ट्रन्क काल बिल्स के बारे में एक सुझाव इसमें है । उसमें एक शंका यह प्रगट की गई है कि अगर इस प्रकार की सुविधा दे दी गई तो उसका दुरुपयोग होगा । माननीय, उपाध्यक्ष महोदय, वास्तव में यह बात बड़ी गम्भीर है कि ऐसी धारणा बने कि जो सुविधा दी जा रही है उसका दुरुपयोग किया जायगा । दुरुपयोग किया जायगा, इस धारणा से वह सुविधा न दी जाय तो वह उचित नहीं रहेगा । अगर वह वास्तविक आवश्यकता है तो उस पर विचार करना चाहिए । उसके बारे में चेक्स के बारे में विचार किया जा सकता है । केवल दुरुपयोग हो सकता है इस विचार से न देना उचित नहीं । उदाहरण के लिए मैंने सुना था कि माननीय सदस्य दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से कुछ उप-भाड़ेदार रख लेते थे । इस तरह की बात सुनने में आई थी जो दुर्भाग्य-पूर्ण बात है । वह हर सुविधा से जोड़ी जा सकती है । उसके संबंध में अधिक से अधिक चेक रखे जा सकते हैं, सख्त से सख्त सजा दी जाय चाहे उसको डिसमेंम्बर भी किया जाय, उसमें आपत्ति नहीं होगी, लेकिन सिर्फ इस कारण से सुविधा न दी जाय, यह बात समझ में नहीं आती । मेरा निवेदन है कि जब यह कमेटी के सामने जाय तो माननीय सदस्य इसके बारे में और विस्तार से विचार करें ।

[श्री नारायण राव कुण्णराव]

एक और सुझाव है कि जो फेमिली के मेम्बर हैं उनके लिए भी कोई सुविधा देनी चाहिए, पी० टी० ओ० दिए जांय, इसका भी इसमें सुझाव है। नियमों से मुझे यह जानकारी मिली है कि जो माननीय सदस्य सदन में आता है उसको रेलवे पास के अतिरिक्त एक फर्स्ट क्लास और एक थर्ड क्लास का किराया दिया जाता है । इसका उद्देश्य क्या है ? उद्देश्य मैं समझता हूं, यही है कि वह अपनी फेमिली में से एक सदस्य को ला सके और आवश्यकता हो तो वह अपना एक नौकर भी ला सके । मेरी नम्र सम्मति के अनुसार यह उसके पीछे भावना दिखाई देती है । यदि माननीय सदस्यों को 15 दिन या उससे अधिक समय तक रहना है तो उनके कुटुम्ब के सदस्यों को लाने की सुविधा, मैं समझता हूं, आवश्यक है अन्यथा उसके कारण अनेक बार इस प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होती है कि गलत तरीके से भी पैसेंजर्स इधर से उधर आते हैं ।

इस संबंध में मेरा एक ही निवेदन है कि इन सारी बातों पर व्यावहारिक रूप से विचार किया जाय, केवल आशावादी पद्धति से काम नहीं हो सकता । इसी प्रकार पार्टी की कुछ आवश्यकताएं होती हैं, कोई अच्छा उनके लिए बैठने का स्थान सदन के आस पास कार्यालय के लिए हो सके, वहां पर टाइप की व्यवस्था हो, प्रतियां, कागज वगैरह उनको समय से मिल सकें । यह व्यवस्था ग्रुप फंक्शनिंग, पार्टी फंक्शनिंग के लिए आवश्यक है उसका प्रबंध करना अत्यन्त आवश्यक है । मेरा कहना है कि पार्टी आफिस के लिए कोई अच्छे स्थान का प्रबंध हो। ये सारी बातें पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी की फंक्शनिंग के लिए जरूरी हैं, उन पर व्यावहारिक रूप से विचार किया जाय, उनको कमेटी ध्यान में रखे, यही मेरा निवेदन है ।

